प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. गुजरात में विमान दुर्घटना के पीड़ितों की पहचान के लिए डीएनए मिलान प्रक्रिया जारी, अबतक 19 डीएनए नमूनों का मिलान।
2. 150 वीं जनजातीय गौरव वर्ष पर सरायकेला में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत लगा विशेष शिविर, ग्रामीणों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील ।
3. आज वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस, केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आज रांची में वरिष्ठ लोगों के साथ करेंगे बैठक।
4. जामताड़ा के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 5 साइबर अपराधी गिरफ्तार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में थे सक्रिय।
5. और राज्य में आज से अगले पांच दिनों तक तेज हवा के साथ होगी बारिश, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।

*********************

गुजरात में विमान दुर्घटना के पीड़ितों की पहचान के लिए डीएनए मिलान प्रक्रिया जारी है। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा है कि कल रात 9 बजे तक 19 डीएनए नमूनों का मिलान किया जा चुका है। फोरेंसिक टीमें रात भर डीएनए नमूनों का मिलान करने में लगी रहीं। दुर्घटना में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार राजकोट में किया जाएगा। अंतिम संस्कार की तिथि डीएनए परीक्षण के परिणाम के बाद तय की जाएगी। इस बीच, मृतकों के परिवारों की सुविधा के लिए सिविल अस्पताल में व्यापक व्यवस्था की गई है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की पांच दिन की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। साइप्रस की यात्रा के दौरान श्री मोदी राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच, व्यापार और निवेश, शिक्षा, समुद्री सहयोग, डिजिटल कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय सुरक्षा के मद्दे पर व्यापक विचार–विमर्श होने की सम्भावना है। इसके बाद प्रधानमंत्री जी–सेवन शिखर बैठक में हिस्सा लेने के लिए कनाडा जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी यात्रा के अंतिम चरण में 18 जून को क्रोएशिया जायेंगे।

*********************

सरायकेला–खरसावां जिले में 150वीं जनजातीय गौरव वर्ष के उपलक्ष्य में बिरसा मुंडा स्टेडियम में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। विधायक दशरथ गागराई, केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव बृजनंदन और परियोजना निदेशक आईटीडीए आशीष अग्रवाल ने इसका उद्घाटन किया। अपने संबोधन में विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि धरती आबा उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 15 से 30 जून 2025 तक चलने वाले शिविरों की शुरुआत कुचाई प्रखंड से की गई है, जिसके तहत जनजातीय बहुल क्षेत्रों के वंचित समुदायों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। संयुक्त सचिव बृजनंदन प्रसाद ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ अवश्य लेना चाहिए। उन्होंने लाभुकों से अनुरोध किया कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविरों में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

*********************

चतरा जिले में धरती आबा उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत कल से एक जुलाई तक पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

*********************

आज वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस है। आज का यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार और उनकी उपेक्षा को रोकने के प्रति जागरूकता बढ़ाकर बेहतर समझ को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भी आज यह दिन मना रहा है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए टोल–फ्री एल्डर लाइन हेल्पलाइन नंबर – 1 4 5 6 7 जारी किया गया है। इधर केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आज रांची में जनता के साथ संवाद करेंगे। इसके बाद श्री सेठ वरिष्ठ लोगों के साथ बैठक भी करेंगे।

*********************

नशा मुक्ति अभियान के तहत रामगढ़ जिले में जेंडर सीआरपी के माध्यम से लोगों को जागरूक जा रहा है । सखी मंडल द्वारा रैली, शपथ, समूह में चर्चा के माध्यम से व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जा रहा हैं। पूरे जिले में 10 से 26 जून तक मादक पदार्थ के दुरुपयोग के सम्बंध में जेएसएलपीएस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें मादक पदार्थ के दुरुपयोग से संबंधित जानकारी और इसका युवाओं तथा समाज पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को विस्तार से समझाया जा रहा है।

*********************

जामताड़ा जिले में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से 5 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एपीके फाइल के माध्यम से ये अपराधी लोगों से ठगी करते थे ।

*********************

गढ़वा जिले के पुरानी बाजार मंदिर प्रांगण मे महिलाएं और पुरुष नित्य योग अभ्यास कर कई बीमारियों से छुटकारा पा चुके हैं। योग का प्रशिक्षण पा रहे एक प्रशिक्षु ने योग को बढ़वा देकर जनता को निरोग रखने के लिए प्रधानमंत्री की इस पहल पर आभार व्यक्त किया है।

*********************

इस बीच एक बड़ी खबर आ रही है कि उत्तराखण्ड में देहरादून से केदारनाथ जा रहा एक हैलीकॉप्टर गोरीकुंड में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें छह लोग सवार थे। प्रारम्भिक ख़बरों से पता चला है कि तकनीकी ख़राबी से उड़ान नियंत्रण प्रणाली जाम हो गई और अचानक लैंडिग की कोशिश में हैलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

*********************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज से अगले पांच दिनों तक आंधी के साथ बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है । सोलह से 20 जून तक कहीं–कहीं भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान घने बादल भी छाए रहेंगे। सत्रह और 18 जून को कुछ स्थानों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। तेज हवा के साथ कहीं–कहीं वज्रपात की भी आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में राज्य में उमस वाली गर्मी से राहत मिलेगी।

*********************

हॉकी झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2025 में भागीदारी के लिए सिमडेगा जिला टीम गठन के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 17 जून को एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में होगा । इस चयन ट्रायल में सिमडेगा के वे खिलाड़ी भाग ले सकते है जिनका जन्म 1 जनवरी 2006 को या उसके बाद हुआ है। इधर कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा देहरादून में चल रहे चौथी कियो कैडेट ,जूनियर , सब जूनियर 4 दिवसीय नेशनल कराटे चैंपियनशिप के तहत बालिकाओं की स्पर्धा संपन्न हो गई । आज सब जूनियर बालक वर्ग की प्रतियोगिता होगी।

*********************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने ओडिसा – झारखंड सीमा पर आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के जवान के बलिदान और नीट यूजी परीक्षा परिणाम से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर के शब्द हैं– जैक बोर्ड साइंस के थर्ड टॉपर हिमांशु कुमार 639 अंक लाकर बने नीट यूजी के स्टेट टॉपर।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– पीएम मोदी का आज से विदेश दौरा, पांच दिन में तीन देश जाएंगे।

दैनिक जागरण लिखता है– ओडिसा – झारखंड सीमा पर आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के एएसआई सत्यवान बलिदान।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– दक्षिण अफ्रीका टेस्ट का नया बादशाह बना।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने ईजरायल और ईरान के बीच टकराव की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता दी है

*********************